डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
**Office :** Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकःसीओई–761 / **FNo.COE-63** / वि0अधि0परीक्षा–माह फरवरी,2023 / सम्बद्धता / **2022-23** दिनांक 03 .03.2023

## ऑन–लाइन आवेदन हेतु आवश्यक सूचना

{शैक्षणिक सत्र–2022–23 में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थाओं / महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों की प्रथम–विषम अधिसत्र परीक्षा (दिसम्बर, 2022 के अन्तर्गत)–माह फरवरी, 2023 हेतु ऑन–लाइन आवेदन के संबंध में}

शैक्षणिक सत्र 2022–23 में विषम अधिसत्र परीक्षा (दिसम्बर, 2022 के अन्तर्गत)–माह फरवरी, 2023 के लिये पत्रांक सीओई–675 दिनांक 09.02.2023 के द्वारा निर्गत परीक्षा समय–सारणी के अनुसार संचालित परीक्षाओं के क्रम में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थाओं / महाविद्यालयों यथा–कल्याणं करोति,मथुरा (B.Ed.Spl.Ed.H.I & I.D.) के0एस0 मेमोरियल कॉलेज फॉर रिसर्च एण्ड रिहेबिलिटेशन,रायबरेली (B.Ed.Spl.Ed.H.I & I.D.) तथा हिन्द महाविद्यालय,बाराबंकी (B.Ed.Spl.Ed.H.I.) एवं हैण्डीकैप्ड डेवलपमेंट काउन्सिल (टीयर्स कॉलेज ऑफ स्पेशल एजूकेशन),आगरा (B.Ed.Spl.Ed.I.D.) द्वारा प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा प्रक्रियान्तर्गत विश्वविद्यालय स्तर पर **ऑन–लाइन आवेदन भरे जाने की कार्यवाही निम्नानुसार अनिवार्य रूप से तत्काल सुनिश्चित की जाय–**

**01).** उपरोक्त समस्त सम्बद्ध संस्थायें / महाविद्यालय सत्र 2022–23 में पंजीकृत अर्ह / पात्र अभ्यर्थियों की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा से पूर्व प्रक्रियान्तर्गत विश्वविद्यालय स्तर पर अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित ERP पोर्टल के अन्तर्गत Examination Portal के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या / अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये **दिनांक 04.03.2023 से दिनांक 10.03.2023 तक** विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन–लाइन आवेदन करेंगे। तत्क्रम में आवेदित अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वे बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (Affiliation Account) के नाम से संचालित खाता संख्या 36510100007244(IFSC-BARB0MOHAAN) में निर्धारित परीक्षा शुल्क धनराशि को RTGS/ NEFT/Payment Gateway के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे। ऑन लाइन आवेदन एवं निर्धारित व्यवस्थानुसार परीक्षा शुल्क को जमा किये बिना परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अभ्यर्थी / संस्थान की होगी।

**02).** ऑन लाइन आवेदन में समस्त प्रविष्टियॉ सावधानीपूर्वक स्वयं भरें, क्योंकि आवेदन में किसी भी प्रकार के संशोधन / परिमार्जन का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा और न ही किसी भी दशा में शुल्क वापसी की जायेगी। अपूर्ण आवेदन किसी भी दशा में मान्य नहीं होगा, जिसके लिये आवेदक / संबंधित संस्थान / कॉलेज स्वयं उत्तरदायी होंगे। अभ्यर्थी ऑन–लाइन भरे हुए परीक्षा–आवेदन एवं जमा किये शुल्क की रसीद सहित मूल प्रति समस्त संलग्नकों सहित अपने संबंधित संस्थान में जमा करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें तथा उसकी छायाप्रति अपने पास रिकार्ड हेतु अवश्य सुरक्षित रखें।

**03).** ऑन–लाइन सबमिशन की समस्या हेतु हेल्पलाइन नं0–9667277184 / Email-dsmnru.help@ gmail.comपर सम्पर्क करें। **ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख / निर्देश :–**

1. 30-50 KBसाइज की स्कैन्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में। 2. 10-30 KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।
3. 30-50 KB साइज में शुल्क सम्बंधी अभिलेख की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में। 4. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी,यदि लागू हो। 5. फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप .jpeg, .jpg, .png, .tif में। 6. यदि कोई दिव्यांग विद्यार्थी श्रुति लेखक हेतु पात्र हैं, तो वह अपने साथ श्रुति लेखक की फोटो, हस्ताक्षर एवं अंतिम शैक्षिक योग्यता अंक पत्र / प्रमाण–पत्र, स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में अवश्य रखें फोटो अथवा अंकपत्र / प्रमाण–पत्र की साइज 30-50 KBसाइज तथा हस्ताक्षर 10-30 KB साइज में।

उपरोक्तानुसार यदि किसी भी स्तर पर परीक्षा आवेदन में दी गई सूचना / विवरण असत्य, भ्रामक, अपूर्ण, अपठनीय / अस्पष्ट पाई जाती है अथवा परिलक्षित होती है तो विश्वविद्यालय को परीक्षा आवेदन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा उसे उक्त परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम से वंचित रखा जायेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित आवेदक की होगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
4. उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थान / महाविद्यालय को इस आशय से कि वे भी अपने स्तर से अर्ह / पात्र विद्यार्थियों को तत्काल सूचित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही / अनुपालन सुनिश्चित करें तथा ऑनलाइन आवेदन की हार्ड–कॉपी समस्त संलग्नक सहित अनिवार्य रूप से अपने संस्थान में सुरक्षित रखें तथा उसका सूचीबद्ध सम्पूर्ण विवरण सहित ससमय अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करेंगे।
5. शाखा प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा, मोहान रोड, विश्वविद्यालय, परिसर, लखनऊ।
6. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ / अनुभाग एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एजेन्सी के प्रतिनिधि।

03/3/23

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक